Regarding stoppage of trains at Jalalganj in Uttar Pradesh

एडवोकेट प्रिया सरोज **(मछलीशहर) :** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान नॉर्दन रेलवे के जलालगंज रेलवे स्टेशन, जनपद जौनपुर, उत्तर प्रदेश की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ । यह रेलवे स्टेशन अपनी श्रेणी के अन्य रेलवे स्टेशनों की तुलना में रेवन्यू के दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है । इस रेलवे स्टेशन से केराकत तहसील, मणियाऊं तहसील, पिंडरा तहसील तथा सिरकोनी जैसी अन्य जगहों से लोग आ कर ट्रेन पकड़ते हैं । पूर्व में इस स्टेशन पर वरुणा एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव था, जो कि कोरोना काल में बंद कर दिया गया । वरुणा एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के समय पर ही शटल एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 20401 और 20402 का संचालन वाराणसी से लखनऊ तथा लखनऊ से वाराणसी के बीच में किया जा रहा है । अफसोस की बात यह है कि दोनों शटल एक्सप्रेस ट्रेनों का जलालगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव न होने से यहां की आम जनता को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । इसके अलावा रेलवे को रेवन्यू का भारी नुकसान हो रहा है । ऐसी स्थिति में मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि शटल एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 20401 और 20402 के ठहराव की स्वीकृति जलालगंज रेलवे स्टेशन पर प्रदान की जाए । इससे न केवल क्षेत्र की जनता को राहत मिलेगी, बल्कि रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा और क्षेत्र का समग्र विकास होगा ।